आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 30.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- अल्मोड़ा में 1 हजार से अधिक अग्निवीरों ने आज भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा की शपथ ली।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव–2027 में पार्टी की जीत का दावा किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।
- राजधानी देहरादून में झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने पर्वतीय जिलों में बारिश का ऑरेंज और मैदानी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

------------

**कसम परेड**

अल्मोड़ा जिले के रानीखेत स्थित कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर के ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान में 1 हजार 1 सौ 70 अग्निवीरों ने भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा की शपथ ली। छह माह के कठिन प्रशिक्षण के बाद आयोजित कसम परेड समारोह देशभक्ति और गौरव के भाव से सराबोर रहा। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को सम्मानित भी किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर विजयंत महादिक ने सभी अग्निवीरों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती होकर देश सेवा का अवसर केवल भाग्यशाली युवाओं को मिलता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, केआरसी और पूरा देश उन माता–पिता का आभारी है जिन्होंने अपने पुत्रों को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित किया वहीं अग्निवीर की बहन ज्योति बोरा ने कहा कि उनके भाई को देश सेवा का अवसर मिला है और इस पर उन्हें गर्व है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास के अंतिम दिन विभिन्न संगठनात्मक और जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिन की शुरुआत देहरादून स्थित टपकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन और पूजा–अर्चना से की। इसके बाद उन्होंने एक बूथ अध्यक्ष के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में भी भाजपा तीसरी बार फिर सरकार बनाएगी।

इस बीच, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिमला बाईपास स्थित एक निजी कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, उद्योग जगत तथा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद किया और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व पार्टी की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से भी सीधा संवाद किया।

अभी–अभी प्राप्त समाचारों के अनुसार रुद्रप्रयाग जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु और पांच लोगों के घायल होने की खबर है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रधानमंत्री कार्यालय के समूचे नेटवर्क सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में विभिन्न नेटवर्क के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

केदारनाथ प्रसाद

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को गुणवत्ता युक्त प्रसाद उपलब्ध करवाया जाएगा। ग्रामोत्थान परियोजना रीप ने स्थानीय उद्यम केदारेश्वर एंटरप्राइजेज के साथ गुणवत्ता युक्त प्रसाद उपलब्ध करवाने को लेकर अनुबंध किया है। यह योजना स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे यात्रा अर्थव्यवस्था में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास भी शुरू किया गया है।

गुणवत्ता युक्त प्रसाद योजना के तहत ग्रामोत्थान परियोजना ने केदारेश्वर एंटरप्राइजेज को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसका उद्देश्य केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रसाद उपलब्ध कराना और स्थानीय स्तर पर रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों का सृजन करना है। योजना के तहत केदारेश्वर एंटरप्राइजेज श्रद्धालुओं के लिए पंचमेवा, ड्राई फ्रूट्स और श्री केदारनाथ मंदिर से जुड़े विभिन्न स्मृति चिन्ह तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों की पैकेजिंग आकर्षक होने के साथ–साथ पर्यावरण अनुकूल भी रखी गई है। योजना में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की भागीदारी है। केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में यह पहल स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बहुद्देशीय शिविर

पौड़ी जिले की नगर पंचायत सतपुली में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रतिभाग करते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सतपुली नगर पंचायत क्षेत्र में नयार नदी पर निर्माणाधीन 56 करोड़ 34 लाख 97 हजार की लागत से बहु प्रतिक्षित सतपुली झील का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक जलाशय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली योजना है।

उन्होंने कहा कि झील निर्माण से सतपुली उत्तराखंड के नक्शे पर एक नए पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा। इससे भू–जल स्तर में सुधार होगा और आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई व पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी। पर्यटन से जुड़ी आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से क्षेत्र से होने वाले पलायन पर अंकुश लगेगा। बहुउद्देशीय शिविर में 04 दिव्यांगों को दिव्याग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही समस्या काउंटर पर 42 शिकायतें व 91 मांग पत्र प्राप्त हुए।

हिंदी पत्रकारिता दिवस

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी के प्रथम समाचार पत्र ''उदन्त मार्तण्ड'' का प्रकाशन शुरू किया था। यह दिवस हिंदी पत्रकारिता के योगदान, उसके इतिहास और समाज में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करने का अवसर है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाज रही है और समाज में जनजागरूकता बढ़ाने तथा जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता वर्तमान समय में समाज और शासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य कर रही है।

वहीं, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित की भावना आज भी पत्रकारिता की मूल आत्मा है।

मौसम

राजधानी देहरादून में आज दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली।

मौसम विभाग ने आगामी 2 जून तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं—कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष मैदानी जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

कल भी राज्य के कुछ पर्वतीय जिलों में ऑरेंज अलर्ट तथा अन्य जिलों, विशेषकर मैदानी क्षेत्रों में येलो अलर्ट प्रभावी रहेगा। इस दौरान तेज़ झोंकेदार हवाएं चलने, ओलावृष्टि और कहीं—कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों से मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा—निर्देशों का पालन करने की अपील की है।